**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2976**

**जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है।**

.....

**किसानों हेतु लघु स्तरीय उद्‌यम**

**2976. श्री के. नवासखनी:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु राज्य सहित देश में सूखे और जल की कमी से ग्रस्त किसानों को वैकल्पिक आजीविका प्रदान करने के लिए लघु स्तरीय उद्‌यम स्थापित करने के लिए कोई योजनाएं प्रारंभ की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में स्थापित ऐसे उद्‌यमों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)**

(क) से (ग) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्‌यम मंत्रालय (एमएसएमई) प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है जिसका उद्देश्य सूक्ष्म-उद्‌यमों की स्थापना के माध्यम से नॉन-फॉर्म क्षेत्र में परंपरागत शिल्पकारों तथा ग्रामीण/शहरी बेरोजगार युवाओं की मदद करके स्व-रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।

*****